# खेल संबंधी जानकारी

## ❑ ओलंपिक खेल (प्राचीन ओलंपिक खेल)

☞ यूनानी कैलेंडर 'ओलंपियाड' के अनुसार, प्रथम ओलंपिक खेल 776 ई.पू. में यूनान के ओलंपिया शहर में आयोजित हुए थे।

☞ 'ओलंपिया' में आयोजित किए जाने के कारण ही इन खेलों का नाम ओलंपिक पड़ा।

☞ प्राचीन ओलंपिक में विजेताओं को पुरस्कारस्वरूप जंगली जैतून से बने ताज (Crown) प्रदान किए जाते थे।

## ❑ आधुनिक ओलंपिक खेल

☞ फ्रांसीसी भाषाविद् एवं समाजशास्त्री बैरॅन पियरे डि कुबर्तिन (Baron Pierre de Coubertin) को आधुनिक खेलों को पुनः प्रारंभ करने का श्रेय जाता है।

☞ 1896 ई. में आधुनिक ओलंपिक खेलों की शुरुआत एथेंस (यूनान) में हुई।

☞ इसका आयोजन प्रत्येक चार वर्षों पर किया जाता है।

## ❑ अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC)

☞ कुबर्तिन के प्रयासों से 1894 ई. में पेरिस में 12 देशों के एक सम्मेलन में 'अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति' (IOC) की स्थापना हुई।

☞ वास्तविक समिति में कुल 13 सदस्य थे, किंतु वर्तमान में 96 सदस्य हैं।

☞ 10 सितंबर, 2013 को जर्मनी के थॉमस बॉक IOC के 9वें अध्यक्ष बने।

☞ नीता अंबानी अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) की पहली भारतीय महिला सदस्य हैं।

☞ IOC में सदस्य नियुक्त होने वाले प्रथम भारतीय सर दोराब जी टाटा थे।

## ❑ भारतीय ओलंपिक परिषद

☞ भारतीय ओलंपिक समिति (IOA) का गठन वर्ष 1927 में हुआ।

☞ भारतीय ओलंपिक आंदोलन को वित्तीय सहायता उपलब्ध करा रहे सर दोराब जी टाटा इसके संस्थापक अध्यक्ष बने।

☞ डॉ. ए.जी. नोएहरेन IOA के प्रथम महासचिव बने।

☞ 14 दिसंबर, 2017 से नरिंदर ध्रुव बत्रा इसके 14वें अध्यक्ष हैं।

## ❑ ओलंपिक ध्वज एवं चिह्न

☞ ओलंपिक ध्वज का निर्माण पियरे डि कुबर्तिन के सुझाव पर किया गया था।

☞ वर्ष 1914 में पेरिस में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) की 20वीं वार्षिक सभा में ओलंपिक ध्वज पहली बार प्रदर्शित और स्वीकार किया गया।

☞ इसे सर्वप्रथम एंटवर्प ओलंपिक (1920) में फहराया गया था।

## ❑ ओलंपिक आदर्श-वाक्य : Citius, Altius, Fortius

☞ ओलंपिक आदर्श वाक्य लैटिन भाषा में लिखे तीन शब्द 'सिटियस, अल्टियस, फोर्टियस' (Citius, Altius, Fortius) हैं, को सर्वप्रथम एंटवर्प ओलंपिक (1920) में प्रस्तुत किया गया था।

☞ इसका अर्थ है–तेज, ऊंचा और बलवान।

## ❑ ओलंपिक मशाल

☞ आधुनिक ओलंपिक खेलों में मशाल प्रज्जवलित करने की परंपरा वर्ष 1936 में बर्लिन ओलंपिक से आरंभ हुई।

☞ इसी मशाल से 'स्टेडियम मशाल' (Cauldron) प्रज्वलित किया जाता है।

### अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

☞ एंटवर्प ओलंपिक (1920) से ओलंपिक खेलों में शपथ-ग्रहण की परंपरा प्रारंभ हुई।

☞ ओलंपिक चार्टर, 1894 में संकलित किया गया।

☞ ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में मार्च-पास्ट में यूनान की टीम सबसे आगे एवं मेजबान टीम सबसे पीछे रहती है।

☞ अन्य टीमें अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के अनुसार निश्चित होती हैं।

☞ एक ही ओलंपिक में सर्वाधिक स्वर्ण जीतने का रिकॉर्ड यू.एस.ए. के पुरुष तैराक माइकल फेल्प्स के नाम है।

☞ बीजिंग ओलंपिक (2008) में 'गोल्डेन शार्क' के नाम से मशहूर फेल्प्स ने तैराकी की विभिन्न स्पर्धाओं में कुल 'आठ स्वर्ण' जीते।

### ओलंपिक एवं भारत

☞ आधिकारिक रूप से भारत ने वर्ष 1928 के एम्सटर्डम ओलंपिक में भाग लेना प्रारंभ किया।

☞ यद्यपि ब्रिटिश मूल के नॉर्मन प्रिचर्ड ने भारत की ओर से ओलंपिक (पेरिस, 1900) में भाग लिया था।

☞ किंतु 'पेरिस ओलंपिक' में एथलेटिक्स स्पर्धा में 2 रजत पदक जीतने वाले प्रिचर्ड की नागरिकता विवादास्पद है।

☞ वर्ष 1920 के एंटवर्प ओलंपिक में भारत ने सर्वप्रथम अपने 6 खिलाड़ियों का दल भेजा।

☞ इन खिलाड़ियों में फदेप्पा डेरेप्पा छागुले ने मैराथन दौड़ में 19वां स्थान प्राप्त किया।

☞ छागुले मैराथन में भाग लेने वाले प्रथम भारतीय ओलंपिक मैराथन धावक थे।

☞ ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाली प्रथम भारतीय महिला खिलाड़ी **मैरी लीला राव** हैं।

☞ ओलंपिक पदक विजेता प्रथम भारतीय महिला कर्णम मल्लेश्वरी (भारोत्तोलन) हैं।

## ❒ पैरालंपिक खेल

☞ पैरालंपिक खेल एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बहु-खेल आयोजन (Multi-sport Event) है।

☞ इस खेल में ऐसे एथलीट प्रतिभाग करते हैं, जो दिव्यांग होते हैं।

☞ इस खेल आयोजन का संचालन अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (International Paralympic Committee) द्वारा किया जाता है।

## ❒ राष्ट्रमंडल खेल

☞ ओलंपिक खेलों के पश्चात राष्ट्रमंडल खेल विश्व का दूसरा सबसे बड़ा एवं भव्य खेल आयोजन है।

☞ राष्ट्रमंडलीय खेलों की पृष्ठभूमि ब्रिटिश साम्राज्य खेलों (British Empire Games) में निहित है।

☞ वर्ष 1930 में कनाडा के हैमिल्टन में 'प्रथम ब्रिटिश साम्राज्य खेल' (First British Empire Games) आयोजित हुए।

☞ वर्ष 1950 तक इन्हें ब्रिटिश साम्राज्य खेल के नाम से जाना जाता था।

☞ वर्ष 1962 तक इसे 'Empire and Commonwealth Games' के नाम से अभिहित किया गया।

☞ वर्ष 1966 से 1974 तक इन खेलों को 'British Commonwealth Games' के नाम से जाना गया।

☞ अंततः वर्ष 1978 से इसे संक्षिप्त कर 'राष्ट्रमंडल खेल' (Commonwealth Games) नाम दिया गया।

☞ इसकी अंतरराष्ट्रीय नियामक संस्था का नाम 'The Commonwealth Games Federation' कर दिया गया। **मुख्यालय - लंदन**, इंग्लैंड (यू.के.) में है।

## ❒ एशियाई खेल

☞ पं. जवाहरलाल नेहरू और एंटनी डिमेलो के सद्प्रयत्नों से वर्ष 1951 में प्रथम एशियाई खेलों का आयोजन नई दिल्ली में किया गया।

☞ एशियाई खेल संघ द्वारा 'चमकते सूरज' को एशियाई खेलों का प्रतीक चिह्न घोषित किया गया।

☞ एशियाई खेलों का उद्देश्य - 'हमेशा आगे की ओर'।

☞ एशियाई खेलों को एशियाड नाम से भी जाना जाता है।

☞ इन खेलों का नियमन एशियाई ओलंपिक परिषद (Olympic Council of Asia) द्वारा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक परिषद (IOC) के पर्यवेक्षण में किया जाता है।

☞ OCA का मुख्यालय कुवैत सिटी, कुवैत में स्थित है।

## ❒ एथलेटिक्स

☞ अंग्रेजी शब्द Athletics का अर्थ है–'खेल-कूद प्रतियोगिता'।

☞ एथलेटिक्स को 'खेलों की रानी' भी कहा जाता है।

☞ पहला ओलंपिक जो ई.पू. 8वीं सदी में हुआ था, उसमें यह एकमात्र खेल था।

☞ आधुनिक ओलंपिक के प्रादुर्भाव से 'एथलेटिक्स' विविध खेल-कूद प्रतिस्पर्धाओं का एक समूह बन गया।

☞ सामान्यतया एथलेटिक्स में शामिल स्पर्धाओं को निम्नांकित तीन भागों में बांटा जा सकता है।

1. ट्रैक स्पर्धा (Track Games), 2. फील्ड स्पर्धा (Field Games) एवं 3. संयुक्त स्पर्धाएं (Joint Events)

☞ **ट्रैक स्पर्धाएं** - 100, 200, 400, 800, 1500, 5000, 10000 मीटर दौड़, मैराथन, 110 मी. बाधा दौड़, 400 मी. बाधा दौड़, 3000 मी. स्टीपलचेज, 20 किमी. एवं 50 किमी. पैदल चाल, 4×100 तथा 4×400 मी. रिले।

☞ महिला ट्रैक स्पर्धाओं में 110 मीटर बाधा दौड़ की बजाय 100 मी. बाधा दौड़ का आयोजन किया जाता है।

☞ **फील्ड स्पर्धाएं** - ऊंची कूद, बांस कूद (पोल वॉल्ट), लंबी कूद, तिहरी कूद, गोला फेंक (शॉटपुट), चक्का फेंक (डिस्कस थ्रो), भाला फेंक, तार गोला फेंक (हैमर थ्रो)।

### डेकाथलॉन (Decathlon)

☞ यह पुरुषों की संयुक्त स्पर्धा है।

☞ यह दो दिवसीय प्रतियोगिता है, जिसमें **पहले दिन** - 100 मी. दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक, ऊंची कूद, 400 मीटर दौड़ तथा **दूसरे दिन** - 110 मी. बाधा दौड़, चक्का फेंक, बांस कूद, भाला फेंक एवं 1500 मी. की दौड़ आयोजित की जाती है।

### हेप्टाथलॉन (Heptathlon)

☞ यह महिलाओं की संयुक्त स्पर्धा है।

☞ यह भी दो दिवसीय प्रतियोगिता है, जिसमें **प्रथम दिन** - 100 मी. बाधा दौड़, ऊंची कूद, गोला फेंक, 200 मी. दौड़ तथा **दूसरे दिन** - लंबी कूद, भाला फेंक एवं 800 मी. दौड़ आयोजित की जाती है।

### आधुनिक पेंटाथलॉन (Modern Pentathlon)

☞ यह पांच खेलों की एकदिवसीय प्रतियोगिता है।

☞ इसमें तलवारबाजी, तैराकी, निशानेबाजी, क्रासकंट्री दौड़ एवं घुड़सवारी शामिल हैं।

### ट्रॉयथलॉन (Triathlon)

☞ इसके अंतर्गत तैराकी, साइक्लिंग एवं दौड़ की स्पर्धाएं आती हैं।

### स्टीपलचेज (Steeple Chase)

☞ इसकी निर्धारित दूरी 3000 मी. है।

☞ एथलीट को 28 बाधाएं पार करनी होती हैं।

☞ इसमें 7 जल कूद बाधाएं शामिल होती हैं।

☞ **संबंधित तथ्य**–हीट्स, स्टार्ट, ऑन योर मार्क्स, सेट, फॉल्स स्टार्ट, फुट फॉल्ट, टेक ऑफ लाइन, रनवे, स्टॉप बोर्ड आदि।

☞ वर्ष 1912 में अंतरराष्ट्रीय एमैच्योर एथलेटिक्स फेडरेशन (IAAF) की स्थापना 17 देशों द्वारा मिलकर इसकी पहली कांग्रेस (स्वीडन) में की गई।

☞ इसका मुख्यालय मोनाको में स्थित है।

☞ वर्तमान अध्यक्ष - सेबास्टियन कोए (ब्रिटेन)।

☞ वर्ष 2001 में संगठन का नाम बदलकर 'इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन' कर दिया गया।

## अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

☞ मैराथन लंबी दूरी की दौड़ प्रतियोगिता है, जिसकी आधिकारिक दूरी 42.195 किलोमीटर (26 मील 385 गज) होती है। मैराथन की दौड़ में रिफ्रेशमेंट स्टेशन प्रत्येक 5 किमी. पर होते हैं।

☞ कुश्ती के खेल में विजेता को 'भारत केसरी' की उपाधि प्रदान की जाती है।

☞ एथलेटिक्स में सिंथेटिक ट्रैक का पहली बार प्रयोग वर्ष 1968 के मेक्सिको ओलंपिक में किया गया था।

☞ भाले या जेवलिन का वजन, पुरुषों के लिए 800 ग्राम एवं महिलाओं के लिए 600 ग्राम होता है।

☞ एन्कर धावक (Anchor runner) का संबंध रिले दौड़ (Relay race) से है।

☞ 'गोल्डन गर्ल' पी.टी. ऊषा की आत्मकथा है। पी.टी. ऊषा को 'पय्योली एक्सप्रेस' एवं 'उड़नपरी' के नाम से भी जाना जाता है।

### ❒ क्रिकेट

☞ 'भद्रजनों के खेल' के रूप में विख्यात तथा पांचों महाद्वीपों में खेला जाने वाला क्रिकेट अपने रोमांच के कारण अत्यधिक लोकप्रिय है।

☞ क्रिकेट खेल का जन्मदाता इंग्लैंड को माना जाता है।

☞ लगभग 1767 ई. में विश्व का पहला क्रिकेट क्लब 'हैंबल्डन क्लब' (Hambledon Club) हैंपशायर (इंग्लैंड) में बना।

☞ 1787 ई. में मेरिलीबोन क्रिकेट क्लब (Marylebone Cricket Club- MCC) की स्थापना हुई।

☞ 15-19 मार्च, 1877 के मध्य क्रिकेट का पहला टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया) में खेला गया।

☞ 5 जनवरी, 1971 को क्रिकेट का पहला एकदिवसीय मैच ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया) में खेला गया।

☞ एकदिवसीय क्रिकेट का जनक ऑस्ट्रेलिया के कैरी पैकर को माना जाता है।

☞ इंग्लैंड के डब्ल्यू. जी. ग्रेस को आधुनिक क्रिकेट का जनक माना जाता है।

☞ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) टेस्ट मैच और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय तथा ट्वेंटी-20 क्रिकेट के संचालन की सर्वोच्च संस्था है।

☞ प्रारंभ में इसका मुख्यालय लॉर्ड्स (इंग्लैंड) में था।

☞ 1 अगस्त, 2005 से इसका मुख्यालय दुबई (यूएई) स्थानांतरित कर दिया गया।

☞ वर्तमान में आई.सी.सी. के कुल 12 पूर्णकालिक सदस्य, 92 एसोसिएट सदस्य हैं।

☞ आई.सी.सी. के वर्तमान चेयरमैन भारत के शशांक मनोहर हैं।

☞ 27 नवंबर, 2015 को ऑस्ट्रेलिया एवं न्यूजीलैंड के बीच पहली बार दिन-रात का टेस्ट मैच गुलाबी गेंद (Pink Ball) से एडीलेड (ऑस्ट्रेलिया) में खेला गया।

### ❒ भारतीय क्रिकेट का इतिहास

☞ 'ईस्ट इंडिया कंपनी' के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भारत में क्रिकेट की शुरुआत की गई।

☞ 1792 ई. में कलकत्ता क्रिकेट क्लब की स्थापना हुई।

☞ 25 जून, 1932 को भारत ने अपना पहला टेस्ट मैच लॉर्ड्स में खेला।

☞ इस मैच में भारत को इंग्लैंड ने 158 रन से हराया।

## क्रिकेट के अवयय

- **पिच (Pitch) :** पिच की लंबाई 22 गज (20.12 मीटर) होती है।
- **बैट (Bat) :** इसकी अधिकतम लंबाई 96.5 सेमी. (38 इंच) एवं चौड़ाई 10.8 सेमी. (4.25 इंच) होनी चाहिए। इसका सामान्य वजन 2 पौंड 7 औंस 3 पौंड (1-2 से 1.4 किग्रा.) तक होता है।

☞ सितंबर, 2017 के नए नियम के अनुसार, अब बल्ले की गहराई (Depth) 67 मिमी. (2.64 इंच) और एजेस (Edge) 40 मिमी. (1.56 इंच) कर दिया गया है, जबकि बल्ले की चौड़ाई और लंबाई में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

- **गेंद (Ball) :** इसकी परिधि 8.81 से 9 इंच तक तथा वजन 5.5 से 5.75 औंस (156 से 163 ग्राम) तक होती है।
- **विकेट (Wicket) :** विकेट की लंबाई (स्टम्प के जमीन में धंसने के बाद) 71.12 सेमी. (2 फुट 4 इंच) तथा चौड़ाई 9 इंच (22.86 सेमी.) होनी चाहिए। प्रत्येक बेल्स (गिल्ली) की लंबाई 10.95 सेमी. होती है।

- **भारत में घरेलू स्तर पर क्रिकेट की प्रख्यात ट्रॉफियां हैं-** रणजी ट्रॉफी, ईरानी ट्रॉफी, दलीप ट्रॉफी, देवधर ट्रॉफी, चैलेंजर ट्रॉफी।
- **अन्य कप एवं ट्रॉफियां :** रोहिंटन बारिया ट्रॉफी, कूच बिहार ट्रॉफी, सी.के. नायडू ट्रॉफी, विजय मर्चेंट ट्रॉफी, रानी झांसी ट्रॉफी, इंदिरा प्रियदर्शनी ट्रॉफी तथा गावस्कर-बॉर्डर ट्रॉफी (भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच)।

## ❐ क्रिकेट शब्दावलियां

• नो बॉल, वाइड बॉल, बाउंसर, बाई एवं लेग बाई, डेड बॉल, आउट, क्लीन बोल्ड, कैच, रन आउट, पगबाधा, हिट विकेट, हैण्डलिंग द बॉल, हिल द बॉल ट्वाइस, ऑब्ट्रक्शन ऑफ द फील्ड, स्टंप आउट, टाइम आउट, फालोऑन।

☞ क्रिकेट खेल में प्रत्येक टीम में खिलाड़ियों की संख्या 11 होती है।

☞ क्रिकेट में अंपायरों की कुल संख्या चार होती है- दो फील्ड अंपायर, एक टी.वी. अंपायर (थर्ड अंपायर) तथा एक रिजर्व अंपायर (फोर्थ अंपायर)।

☞ 1 अक्टूबर, 2012 से बदले हुए नियमों के अनुसार, टेस्ट मैच में प्रति ओवर 2 बाउंसर, वनडे मैच में प्रति ओवर 2 बाउंसर (पूर्व में 1) तथा ट्वेंटी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 1 बाउंसर प्रति ओवर डाले जा सकते हैं।

☞ 'एशेज कप' क्रिकेट से संबंधित प्रतियोगिता है। यह ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के मध्य प्रति वर्ष खेली जाने वाली टेस्ट शृंखला है।

☞ लॉर्ड्स का मैदान या लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड लंदन (इंग्लैंड) के सेंट जॉन्स वुड में स्थित एक क्रिकेट खेलने वाला मैदान है। इसका नामकरण इसके संस्थापक थॉमस लॉर्ड के नाम पर किया गया है।

☞ एक टेस्ट पारी में सभी दस विकेट लेने वाले विश्व के प्रथम गेंदबाज जिम लेकर (दूसरे-अनिल कुंबले, भारत) हैं।

☞ भारत के तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ को 'मैसूर एक्सप्रेस' के नाम से भी जाना जाता है।

## ❐ हॉकी

☞ हॉकी का आधुनिक स्वरूप इंग्लैंड में 18वीं शताब्दी के मध्य में मुख्य रूप से स्कूलों में विकसित हुआ।

☞ सर्वप्रथम 1861 ई. में संगठित क्लब के रूप में 'ब्लैक हीथ रग्बी एंड हॉकी क्लब' की स्थापना इंग्लैंड में की गई।

☞ 16 अप्रैल, 1875 को लंदन (इंग्लैंड) के कैनन स्ट्रीट होटल में इंग्लिश हॉकी एसोसिएशन की स्थापना की गई थी।

☞ इसी को सुनियोजित हॉकी के खेल का प्रारंभ माना जाता है।

☞ 1883 ई. में 'विम्बल्डन हॉकी क्लब' द्वारा हॉकी के नियम बनाए गए।

☞ 1886 ई. में हॉकी एसोसिएशन द्वारा इन नियमों को मान्यता दी गई।

☞ प्रथम हॉकी एसोसिएशन की स्थापना यू.के. (यूनाइटेड किंगडम) में 1876 ई. में की गई थी।

**अंतरराष्ट्रीय हॉकी संघ (Federation International de Hockey–FIH)**

☞ 7 जनवरी, 1924 को पॉल लीयूटी के प्रयासों से अंतरराष्ट्रीय हॉकी संघ (Federation International de Hockey–FIH) की स्थापना **पेरिस (फ्रांस)** में की गई।

☞ यह हॉकी खेल की अंतरराष्ट्रीय प्रशासनिक संस्था है।

☞ वर्ष 1927 में अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी संघ (International Federation of Women's Hockey Association) की स्थापना हुई।

☞ वर्ष 1982 में दोनों संस्थाओं का विलय कर दिया गया।

☞ वर्तमान में भारत के नरिंदर ध्रुव बत्रा, एफआईएच (FIH) के अध्यक्ष हैं।

### अन्य प्रमुख तथ्य

☞ हॉकी खेल के मैदान की लंबाई 100 गज या 91.40 मी. तथा चौड़ाई 60 गज या 54.84 मी. (लगभग 55 मी.) होती है।

**अन्य महत्वपूर्ण तथ्य**

- टीम के खिलाड़ियों की संख्या 11 होती है तथा 5 अतिरिक्त खिलाड़ी होते हैं।
- नए नियम (1 जनवरी, 2019 से प्रभावी) के अनुसार, खेल की अवधि 60 मिनट (15 –2 –15 – 5 (मध्यांतर) – 15 – 2 – 15) होगी।
- गेंद का वजन 156 - 163 ग्राम के मध्य होता है।
- गेंद की परिधि 2.81 इंच से 2.94 इंच होती है।
- हॉकी स्टिक का कुल वजन 737 ग्राम (लगभग 26 औंस) से अधिक नहीं हो सकता।
- हॉकी स्टिक की लंबाई 105 सेमी. से अधिक नहीं हो सकती।
- गोल पोस्ट की लंबाई 4 गज (3.66 मीटर) होती है।
- D (डी) का दायरा 16 गज (15 मीटर) होता है।
- पेनाल्टी स्ट्रोक की दूरी 7 गज (6.4 मीटर) होती है।
- हॉकी खेल में 1 रेफरी, 1 अंपायर तथा 2 गोल जज होते हैं।

☞ हॉकी खेल की शब्दावलियां हैं-राइट बैक, लेफ्ट बैक, आउट साइड, इन साइड राइट, सेंटर फारवर्ड, इन साइड लेफ्ट, आउट साइड लेफ्ट, सेंटर हाफ, कॉर्नर, पेनाल्टी स्ट्रोक, पेनाल्टी कॉर्नर, फ्लिक, रिवर्स फ्लिक, स्कूप, स्टिक, अंपायर, टाई ब्रेकर, सडन डेथ, अंडर कटिंग, सर्कल, रोल ऑन, शूटिंग सर्कल, पुश इन, ड्रिब्लिंग, जैब एंड लंज, स्टोटर्फ आदि।

☞ हॉकी में 'पुश पास' दिया जाता है, जब सहयोगी खिलाड़ी थोड़ी दूरी पर या 10 - 15 मीटर पर खड़ा हो।

- **महत्वपूर्ण कप एवं ट्रॉफियां :** के.डी. सिंह बाबू स्मारक ट्रॉफी, हीरो होंडा कप, सीनियर नेहरू ट्रॉफी, खान अब्दुल गफ्फार खां ट्राफी, विलिंग्टन कप, महाराजा रंजीत सिंह गोल्ड कप, लाल बहादुर शास्त्री कप, मुरुगप्पा गोल्ड कप, कोडागु कप, बाम्बे गोल्ड कप, ओबेदुल्ला गोल्ड कप, सिंधिया गोल्ड कप, लेडी रतन टाटा कप (राष्ट्रीय महिला हॉकी), रंगास्वामी कप (राष्ट्रीय हॉकी-1928 से शुरु), आगा खां कप, अजलान शाह कप, ध्यानचंद ट्रॉफी, बेटन कप, डी.सी.एम. श्रीराम ट्रॉफी, एशिया कप, इंदिरा गोल्ड कप, विश्व कप तथा चैंपियंस ट्रॉफी।

☞ एशियाई खेलों में हॉकी को वर्ष 1958 में शामिल किया गया था।

☞ हॉकी में सर्वप्रथम द्रोणाचार्य पुरस्कार एम.के. कौशिक को दिया गया।

☞ हॉकी में अर्जुन पुरस्कार सर्वप्रथम वर्ष 1961 में पृथ्वीपाल सिंह एवं ए. लुंबडन को दिया गया।
  - अंतरराष्ट्रीय हॉकी संघ की स्थापना वर्ष 1924 में हुई।
  - ओलंपिक खेलों में हॉकी वर्ष 1908 (लंदन) में पहली बार सम्मिलित किया गया।
  - भारत ने वर्ष 1928 के ओलंपिक खेल में हॉकी में प्रथम बार भाग लिया था।
  - भारत का राष्ट्रीय खेल हॉकी माना जाता है।

☞ भारत के पहले अंतरराष्ट्रीय हॉकी अंपायर होने का श्रेय पंकज गुप्ता को प्राप्त है।

## ❒ फुटबॉल

☞ फुटबॉल विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय खेल है।

☞ आधुनिक फुटबॉल को विकसित करने का श्रेय 'इंग्लैंड' को है।

☞ 1857 ई. में इंग्लैंड में विश्व का पहला फुटबॉल क्लब 'शेफील्ड फुटबॉल क्लब' का गठन हुआ।

☞ 21 मई, 1904 को पेरिस में फुटबॉल खेल के अंतरराष्ट्रीय संगठन फीफा (Federation International de Football Association - FIFA) का गठन किया गया।

☞ इसका मुख्यालय ज्यूरिख (स्विट्जरलैंड) में स्थित है।

☞ वर्तमान में फीफा के अध्यक्ष गियानी इंफेंटीनो (Gianni Infantino) हैं।

☞ महिला फुटबॉल को आधिकारिक रूप से वर्ष 1996 में जोड़ा गया।

☞ ब्राजील ने अब तक हुए सभी (22) फुटबॉल विश्व कप में हिस्सा लिया है।

☞ सर्वाधिक 5 बार विश्व कप जीतने का रिकॉर्ड ब्राजील के नाम है।

## अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

☞ वयस्कों हेतु अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैदानों की लंबाई 100 से 110 मीटर तथा चौड़ाई 64 से 75 मीटर हो सकती है।

☞ फुटबॉल गेंद की परिधि 27-28 इंच होनी चाहिए।

☞ इसका भार 410 से 450 ग्राम (14-16 औंस) होना चाहिए।

☞ रेफरी की अनुमति के बिना फुटबॉल को खेल के बीच में नहीं बदला जा सकता।

☞ फुटबॉल मैच 45-45 मिनट की अवधि के दो भाग में होता है।

☞ मध्यांतर के बाद टीमें अपना छोर बदल देती हैं।

☞ 1864 ई. से फुटबॉल को हाथ से छूने या 'हैंडल करने' (Handling) पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

☞ 1870 ई. में 11 खिलाड़ियों की अनिवार्यता स्वीकार की गई।

## भारत में फुटबॉल

☞ भारत में फुटबॉल, क्रिकेट के बाद दूसरा सबसे अधिक लोकप्रिय खेल है।

☞ 'डलहौजी क्लब' भारत का पहला फुटबॉल क्लब था।

☞ भारत में फुटबॉल खेल की प्रशासनिक जिम्मेदारी 'ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन' (AIFF) की है।

☞ 'संतोष ट्रॉफी' राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप का प्रतीक है।

☞ वर्ष 1941 में संतोष ट्रॉफी की शुरुआत हुई।

☞ भारत में फुटबॉल की सबसे पुरानी चैंपियनशिप 'डूरंड कप' है।

☞ इसकी शुरुआत 1888 ई. में हुई थी।

☞ कोलकाता को 'भारतीय फुटबॉल का घर' कहा जाता है

## फुटबॉल की शब्दावलियां

☞ पास, बैक पास, कॉर्नर, ड्रिबल, लाइंसमैन, सीजर्स किक, बनाना किक, विंगर, स्वीपर, बैक, वाली, सेंड ऑफ, बार्स, टाईब्रेकर, सडेन डेथ, फिस्ट, नेट, लॉब, थ्रू बॉल, टोटल, सेंटर, पेनाल्टी, हैंडबॉल फाउल, हैट ट्रिक, सेंटर, पेनाल्टी स्ट्रोक इत्यादि।

☞ फुटबॉल के खेल में गोलपोस्ट की ऊंचाई 8 फीट या 2.44 मीटर एवं गोलपोस्ट की सतह या आधार की माप 24 फीट होती है। गोलपोस्ट दो रंगों से रंगा होता है- सफेद तथा काला।

☞ फुटबॉल के खेल में पेनाल्टी किक लेने का स्थान गोल लाइन से 12 गज (11मीटर) की दूरी पर होता है।

**फुटबॉल से संबंधित प्रमुख कप एवं ट्रॉफियां**

☞ फीफा कप (विश्व कप फुटबॉल), एशिया कप, यूरो कप, मर्डेका कप, डूरण्ड कप, रोवर्स कप, अंतरराष्ट्रीय नेहरू गोल्ड कप, संतोष ट्रॉफी, फेडरेशन कप, सुब्रतो कप, कोपा कप, सीजर्स कप, कलिंग कप, बेगम हजरत महल ट्रॉफी, चार्म्स कप, यूरोपीय चैंपियन्स कप/नेशंस कप, यूएफा कप, एफ.ए. चैलेंज कप, एयर लाइंस गोल्ड कप, बारदोलोई ट्रॉफी, लाल बहादुर शास्त्री ट्रॉफी,

राजीव गांधी गोल्ड कप, कनफेडरेशंस कप, पैसिफिक कप इत्यादि।

☞ अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रथम फुटबॉल खिलाड़ी पी.के. बनर्जी हैं। उन्हें यह पुरस्कार वर्ष 1961 में प्रदान किया गया।

## ❐ बैडमिंटन

☞ भारत में यह ब्रिटिश सैन्य अधिकारियों के बीच 'पूना' (Poona) नाम से खेला जाता था।

☞ बैडमिंटन खेल की सर्वोच्च संस्था 'अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन संघ' (International Badminton Federation - IBF) है।

☞ इसकी स्थापना वर्ष 1934 में हुई थी।

☞ भारत वर्ष 1936 में, जबकि अमेरिका वर्ष 1938 में इससे संबद्ध हुआ।

☞ वर्तमान में इसके अध्यक्ष पॉल एरिक हॉयर लार्सेन (Poul-Erik Hoyer Larsen) हैं।

☞ सितंबर, 2006 में मैड्रिड में आयोजित बैठक में इसके नए नाम बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (BWF) को स्वीकार किया गया।

☞ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप की शुरुआत मालमो (स्वीडन) में वर्ष 1977 में हुई।

☞ इसका आयोजन प्रत्येक दो वर्ष पर किया जाता है।

### बैडमिंटन के अवयव

☞ बैडमिंटन के शटलकॉक में पंखों की संख्या 16 होती है, जो कॉर्क के आधार से संलग्न रहते हैं।

☞ बैडमिंटन स्पर्धाओं में एक सेट 21 अंकों का होता है। एक खिलाड़ी अथवा जोड़ी जो पहले 21 अंक बना ले, उस सेट में विजयी माना जाता है।

☞ रैकेट का भार 80 से 100 ग्राम होता है। रैकेट की लंबाई 27" या 680 मिमी. तथा चौड़ाई 230 मिमी. होती है। अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन संघ की स्थापना वर्ष 1934 में की गई। वर्ष 1962 में बैडमिंटन को एशियाई खेलों में शामिल किया गया।

☞ नेट की ऊंचाई किनारों पर 1.55 मी. (5 फीट 1 इंच) तथा बीच में 1.524 मी. (5 फीट) होती है।

☞ कोर्ट की लंबाई–44 फीट, चौड़ाई–20 फीट। एकल स्पर्धा में चौड़ाई 17 फीट होती है।

☞ शटल का वजन–4.74 से 5.51 ग्राम।

**प्रमुख शब्दावलियां**–कोर्ट, लांग सर्विस, फॉल्ट, सर्विस, रैली, बैकहैंड स्मैश, लव, ड्यूस, लॉब, लेट, लव ऑल, ड्रॉप, लिफ्ट, पेन हैंडल पुश, लाइंसमैन इत्यादि।

**बैडमिंटन के प्रमुख कप एवं ट्रॉफियां**

- ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप, थॉमस कप, उबेर कप, विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप, सुदीरमन कप, बिमंतरा कप, विश्व ग्रांड प्रिक्स।
- **यूरोनियन कप, कोनिका कप, योनेक्स कप, चाइना कप, 555 विश्व कप।**

## ❐ टेनिस

☞ वैयक्तिक स्पर्धाओं में टेनिस सर्वाधिक प्रतिष्ठित स्पर्धा मानी जाती है।

☞ आधुनिक संदर्भ में इस खेल का विकास इंग्लैंड में हुआ।

☞ आधुनिक टेनिस को 'लॉन टेनिस' के नाम से जाना जाता है।

☞ लॉन टेनिस विभिन्न प्रकार के कोर्ट पर खेला जाता है।

☞ टेनिस की कुछ स्पर्धाएं 'घास रहित प्रांगण' (Hard Court) पर भी खेली जाती हैं।

☞ टेनिस की सर्वोच्च संस्था अंतरराष्ट्रीय टेनिस संघ (International tennis Federation-ITF) है।

☞ इसकी स्थापना वर्ष 1913 में पेरिस में हुई थी।

☞ वर्तमान में इसके अध्यक्ष डेविड हैगर्टी (David Haggerty) हैं।

### टेनिस का ग्रैंड स्लैम

☞ लॉन टेनिस की चार प्रतियोगिताओं 'ऑस्ट्रेलियन ओपन', 'फ्रेंच ओपन' विम्बलडन एवं अमेरिकी ओपन को संयुक्त रूप से टेनिस का ग्रैंड स्लैम (ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट) कहा जाता है।

☞ एक कैलेंडर वर्ष में टेनिस की उपर्युक्त चारों प्रतियोगिताओं को जीतने वाला खिलाड़ी 'ग्रैंड स्लैम विजेता' कहलाता है।

☞ **गोल्डेन स्लैम**–एक ही कैलेंडर वर्ष में चारों ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के साथ ही ओलंपिक में भी टेनिस का स्वर्ण पदक जीतना, गोल्डेन स्लैम कहलाता है। टेनिस के इतिहास में जर्मनी की **स्टेफी ग्राफ** एकमात्र ऐसी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने वर्ष 1988 में यह गौरव प्राप्त किया था।

### टेनिस की टीम स्पर्धाएं

☞ डेविस कप पुरुष टेनिस की टीम स्पर्धा है।

☞ फेड कप महिलाओं की टीम स्पर्धा है।

☞ हॉपमैन कप अंतरराष्ट्रीय मिश्रित टीम स्पर्धा है।

### टेनिस के अवयव

☞ मैदान की लंबाई - 78 फीट (एकल एवं युगल दोनों में)।

☞ मैदान की चौड़ाई - 27 फीट (एकल) एवं 36 फीट (युगल)।

☞ नेट की ऊंचाई - 3 फीट।

☞ गेंद का वजन - 56.0 ग्राम–59.4 ग्राम।

☞ गेंद का रंग सफेद अथवा पीला।

☞ रैकेट की अधिकतम ऊंचाई–29 इंच।

**शब्दावलियां :** सर्विस, गेम, लव, ड्यूस, फॉल्ट, रिटर्न, बैक हैंड ड्राइव, सर्व, सीडिंग, वॉली, हॉफ वॉली, लेट, टाइब्रेकर, चेंज, इन, आउट इत्यादि।

## ❐ वॉलीबॉल

☞ टीम में खेलने वाले खिलाड़ियों की संख्या 6 होती है।

☞ अतिरिक्त खिलाड़ियों की संख्या 6 होती है।

☞ वॉलीबॉल कोर्ट को विभाजित करने वाली रेखा मध्य रेखा (सेंटर लाइन) कहलाती है।

☞ एफ.आई.वी.बी. नियम के अनुसार, वॉलीबॉल के किसी भी अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता हेतु इनडोर खेल परिसर की छत की ऊंचाई 12.50 मीटर होती है।

☞ गेंद का भार 260 से 280 ग्राम होता है। गेंद का रंग बहुरंगी होता है।

☞ गेंद की परिधि 65 से 67 सेमी. होती है।

☞ पुरुषों के लिए जाल की भूमि से ऊंचाई 2.43 मी. होती है।

☞ महिलाओं के लिए जाल की भूमि से ऊंचाई 2.24 मी. होती है।

☞ बीच वॉलीबॉल, वॉलीबॉल का एक रूप है। बीच वॉलीबॉल में खिलाड़ियों की संख्या दो होती है।

- वॉलीबॉल के नेट एंटीना (Net Antena) में लाल तथा सफेद रंग की धारियां होनी चाहिए।
- यदि दोनों टीमें दो-दो सेट जीतकर बराबरी पर आ जाएं तो पांचवां अंतिम सेट, दो अंक की कम-से-कम बढ़त के साथ 15 अंक तक खेला जाना चाहिए।
- वॉलीबॉल खेल में जाल की लंबाई एवं चौड़ाई 9.50 मी. × 1 मी. होती है।

## ❐ कबड्डी

☞ बोनस लाइन (Bonus Line) कबड्डी खेल में होती है। बोनस लाइन तब लागू नहीं होती है, जब खिलाड़ियों की संख्या 6 से कम होती है।

☞ 'लोना' कबड्डी खेल से संबंधित है। 'लोना' के लिए दो अंक दिए जाते हैं। बोनस का अंक लेने के लिए विपक्षी टीम में कम-से-कम 6 खिलाड़ी होने चाहिए।

☞ वाटर पोलो और कबड्डी में खिलाड़ियों की संख्या 7 होती है।

☞ 'आउट' कबड्डी खिलाड़ी 'सिटिंग ब्लॉक' में बैठ जाते हैं। कबड्डी खेल में सिटिंग ब्लॉक, इंड लाइन, बोनस लाइन, बक लाइन, सेंटर लाइन, साइड लाइन, लॉबी आदि शब्दों का प्रयोग किया जाता है।

## ❐ खो-खो

☞ खो-खो खेल में डाइविंग के समय बेहतरीन टाइमिंग और गति के साथ अचूकता (एक्यूरेसी) की आवश्यकता होती है।

☞ खो-खो के खेल में प्रत्येक टीम में कुल 12 खिलाड़ी नामित होते हैं, जिसमें 9 खिलाड़ी मैदान में तथा 3 अतिरिक्त (Substitute) खिलाड़ी होते हैं।

- क्रीड़ा क्षेत्र का आकार आयताकार होता है।
- लाबियों सहित कुल क्षेत्र 33 मी. × 21 मी. होता है।
- क्रीड़ा-क्षेत्र की लंबाई व चौड़ाई 29 × 16 मी. होती है।
- महिलाओं तथा जूनियर्स के लिए क्रीड़ा क्षेत्र 27 मी. × 16 मी. होता है।
- फ्रीन जोन 2.75 मी. × 16 मी. होता है।
- अंत में दोनों आयतों की माप 16 मी. × 2.75 मी. होती है।
- प्रत्येक क्रास लेन में वर्गों की संख्या 8 होती है।
- वर्ग का आकार 30 सेमी. × 30 सेमी. होता है।
- वर्गों में बैठने वाले खिलाड़ी को चेजर कहा जाता है।
- चेजर के विरोधी को रनर कहा जाता है।
- खो-खो मैच में कुल 4 इनिंग (दो इनिंग प्रत्येक टीम के लिए) होते हैं।
- मध्यांतर का समय 5 मिनट होता है।

## ❐ बेसबॉल

☞ बेसबॉल अमेरिका का राष्ट्रीय खेल है। प्रत्येक टीम में 9 खिलाड़ी होते हैं एवं प्रत्येक मैच में 9 इनिंग (पारी) होती है। बेसबॉल से संबंधित शब्द बेस, कैचर, डायमंड शार्ट स्टॉप, फील्डर, स्ट्राइकर, हिटर, इन फील्ड, पिच प्लेट, होमरन सैक्रिफाइस, स्ट्राइक जोन, प्ले, फेंस पाउन लाइन आदि हैं।

## ❐ हैंडबॉल

☞ 'पेनाल्टी थ्रो' शब्द हैंडबॉल एवं वाटर पोलो से संबंधित है।

☞ हैंडबॉल के खिलाड़ियों की कुल संख्या 14 होती है, जिसमें 6 कोर्ट खिलाड़ी, एक गोलकीपर, 7 स्थानापन्न (Substitute) होते हैं।

☞ हैंडबॉल टीम में कुल चौदह (14) खिलाड़ी होते हैं। खेलने वाली दोनों टीम में प्रत्येक के सात-सात खिलाड़ी कोर्ट पर खेलते हैं तथा प्रत्येक टीम के सात-सात खिलाड़ी स्थानापन्न के रूप में भी मौजूद रहते हैं।

## ❐ कुश्ती

☞ वर्तमान समय में कुश्ती का प्रत्येक मुकाबला 6 मिनट का होता है। हालांकि यह अवधि दो-दो मिनट के तीन भागों में विभाजित होती है, जिनके मध्य 30 सेकंड का विश्राम होता है।

- **कुश्ती से संबंधित प्रमुख शब्दावलियां**
  पुल, चित, सडेन डेथ।
- **अन्य शब्दावलियां :** प्वाइंट, फाल, परमानेंट आबस्टकल्स, आबस्टकल्स इन बाउट, काशन, वर्निंग, पेनाल्टी प्वाइंट, डागफाल, फाल बैक, फ्लाइंग मार्स, क्रास पेस, ब्रेक, डाउन, ब्रिज, बाडी प्रेस, क्रैडल, हाइप टेक डाउन, हाफ नेल्सन, स्लैम, स्टिकलर्स, हुक, हेड होल्ड, डबल, क्रास बटक, टाइम कीपर, डबल नेल्सन, टाई, फाउल।

## ❑ शतरंज

☞ भारत को शतरंज का जनक माना जाता है।

☞ प्राचीन काल में यह खेल 'चतुर-अंगा' नाम से जाना जाता था।

☞ इसमें चार प्रतिस्पर्धी भाग लेते थे।

☞ छठीं शताब्दी में 'चतुरंग' शब्द भारत से फारस (पर्शिया) पहुंचा, जहां उसे शतरंज नाम दिया गया।

☞ **शब्दावलियां**–जिच (Stalemate), गैंबिट (Gambit), शह (Check), मात (Checkmate), बिशप, ग्रैंडमास्टर, फिडे, नाइट, एक्विट, एडजर्नमेंट, बैक रैंक, ब्लॉकेड, डबल्ड पॉन्स, हैगिंग, होल, नार्म, स्वींडल, टाबिया, एक्सरे अटैक, कैशल, एलो रेटिंग, नाइट, पीसेज इत्यादि।

**फेडरेशन इंटरनेशनल डेस इचेस (Federation International Des Echecs)**

☞ 20 जुलाई, 1924 को पेरिस (फ्रांस) में विश्व शतरंज संघ (FIDE) की स्थापना हुई।

☞ इसका मुख्यालय लुसाने, स्विट्जरलैंड में है।

☞ फिडे (FIDE) शतरंज खेल की सर्वोच्च नियामक संस्था है।

## ❑ टेबल टेनिस

☞ इस खेल का जन्मदाता इंग्लैंड है।

☞ वर्ष 1921 में इंग्लैंड में टेबल टेनिस एसोसिएशन का गठन हुआ।

☞ वर्ष 1926 में बर्लिन में अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस फेडरेशन (ITTF) का गठन हुआ। मुख्यालय - लुसाने (स्विट्जरलैंड)।

### परिमाप

☞ टेबल की लं.–2.74 मी. (9 फीट)

☞ टेबल की चौ.–1.52 मी. (5 फीट)

☞ टेबल की ऊं.–76 सेमी. (2.5 फीट)

☞ गेंद का वजन एवं रंग–2.7 ग्राम (सफेद अथवा पीला)

☞ नेट की ऊंचाई– 15.25 सेमी.

### प्रमुख शब्दावलियां–

रैली, सर्वर, रिसीवर, स्ट्रोक, लेट, प्वाइंट, स्ट्राइक, ऑब्स्ट्रक्ट्स, साइड स्पिन, टॉप स्पिन, अंडर स्पिन, पेन्होल्डर, एंड लाइन, फॉयल, हॉफ वाली, बैक स्पिन, चाइनीज ग्रिप, सेंटर लाइन, हॉफ कोर्ट, रिवर्स सैंडविच, फ्री हैंड इत्यादि।

- **टेबल टेनिस में प्रयुक्त शब्दावलियां**
  रैली, सर्वर, रिसीवर, स्ट्रोक, लेट, प्वाइंट, वॉली, स्ट्राइक, ऑब्स्ट्रक्ट्स।
- **अन्य शब्दावलियां :** साइड स्पिन, टाप स्पिन, अंडर स्पिन (चॉप), ग्रिप, चायनिज ग्रिप, पेनहोल्डर ग्रिप (इसे विकसित करने का श्रेय एशियाई खिलाड़ियों को है), एंड लाइन, फायल, हाफ वाली, बैक स्पिन, सेंटर लाइन, हाफ कोर्ट, कंट्रोल एंड, काउंटर हिटिंग, स्विंग स्ट्रोक, रिवर्स सैंडविच, पुश स्ट्रोक, फ्री हैंड।

## ❑ टेबल टेनिस के प्रमुख टूर्नामेंट

- बर्ना बेलॉक कप (राष्ट्रीय-पुरुष टीम), पीठापुरम कप (राष्ट्रीय पुरुष), जयलक्ष्मी कप (राष्ट्रीय-महिला टीम), त्रावनकोर कप (राष्ट्रीय-महिला), कार्बिलान कप (विश्व-महिला टीम), स्वेथलिंग कप (विश्व पुरुष टीम), यू-थाण्ट कप, इंडिया कप, सेंट ब्राइडवास कप (विश्व-पुरुष), गोल्डन कप, एशियन कप,

## ❑ बास्केटबॉल

☞ 1891 ई. में इस खेल का आविष्कार अमेरिका में जेम्स स्मिथ द्वारा किया गया था।

☞ इसमें प्रत्येक टीम के 5-5 खिलाड़ी भाग लेते हैं।

☞ एक मैच 20-20 मिनट के दो हॉफ में खेला जाता है।

☞ वर्ष 1932 में फेडरेशन इंटरनेशनल डे बास्केटबॉल एसोसिएशन (FIBA) की स्थापना हुई।

### परिमाप

☞ कोर्ट की लं.–28 मी.

☞ कोर्ट की चौ.–15 मी.

☞ बास्केट की ऊं. (जमीन से)– 3.05 मी.

☞ बास्केटबॉल का वजन– 567-624 ग्राम

☞ बास्केटबॉल का आकार – 29.5 इंच (पुरुष) एवं 28.5 इंच (महिला)

**खेल शब्दावलियां**–एंड लाइन, सेंटर लाइन, ड्रिबल, डबल फाउल, पर्सनल कांट्रैक्ट, मल्टीपल थ्रोज, इंटरमिशन, कंटिन्यूटी पास, हुक पास, ओवर-टाइम, आउटलेट पास, पिक, पिवोट, टिप ऑफ, रिंग गार्ड, बैकबोर्ड, फ्रंट कोर्ट, प्वाइंट, डेड बॉल, बास्केट हैंगिंग, लीड पास, की होल इत्यादि।

**बास्केटबॉल से संबंधित कप एवं ट्रॉफियां**

- अमेरिका कप, यूरोपियन कप, एशिया कप, फेडरेशन कप, विलियम जोंस कप, बंग्लौर ब्लूज चैलेंज कप, सी. मुनिस्वामी कप, सर्विसेज ट्रॉफी, बी.सी. गुप्ता ट्रॉफी, एस.एम. अर्जुन राजा ट्रॉफी, अखिल भारतीय रामू मेमोरियल ट्रॉफी, विलियम टॉड मेमोरियल ट्रॉफी (राष्ट्रीय-पुरुष), प्रिंस वसाकत झा ट्रॉफी (राष्ट्रीय-महिला)।

☞ बास्केटबॉल के मैच का समय दस-दस मिनट के चार भाग होते हैं। पहले भाग के बाद 2 मिनट का विश्राम, दूसरे भाग के बाद 15 मिनट का विश्राम तथा तीसरे भाग के बाद 2 मिनट का विश्राम होता है।